>

Title: Need to start immediately the sanctioned Kendriya Vidyalaya in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर "कमांडो " (बहराइच)ः मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के बहराइच संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की आवश्यकता की ओर दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र में लगभग आधी आबादी मुस्लिमों की है, यहां पर बड़ी संख्या में जनजातीय लोग, गरीब, अनुसूचित, पिछड़े वर्ग के लोग रहते हैं। यहां का शिक्षा का स्तर अत्यंत गिरा हुआ है। निर्धनता के कारण माता-पिता अपने बच्चों को निजी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा दिलाने में असमर्थ हैं। यहां के गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने की नितांत आवश्यकता है। इसको देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। बार-बार अनुरोध करने के बाद भी किंतु अभी तक न तो केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ न ही किसी किराये के भवन में केन्द्रीय विद्यालय को खोला गया।

सरकार से अनुरोध है कि जनहित में बहराइच संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय का शीघ्र निर्माण कराने तथा केन्द्रीय विद्यालय का शिक्षण किराए के भवन में प्रारंभ कराने की अनुमति देने की कृपा करें।